# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि दी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली नगर पालिका में 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस मनाया गया। सामान्य प्रशासन विभाग, जयपुर के संयुक्त शासन सचिव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दिनेश विश्नोई, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव, विकास अधिकारी भोपेन्द्र सिंह जोधा, तहसीलदार जितेंद्र सिंह और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी राजल राव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया और गांधी जी के आदर्शों को याद किया गया। इस अवसर पर रामधुन और गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के सभी



कर्मचारियों की भी सहभागिता रही।

**सांडेराव।** मारवाड़-गोडवाड़ जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के युवा नेता जयदेव सिंह राणावत की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

सांडेराव-फालना सड़क मार्ग के गंगा वेरी चौराहे पर स्थित मेवाड़ा अतिथि भवन में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों द्वारा उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्रीयादे माता जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**सोमेसर।** सोमेसर के बूसी गांव में श्रीयादे माता की जयंती पर शुक्रवार को महोत्सव आयोजन होगा। प्रजापत समाज द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। दोपहर 12 बजे कुम्हारों के वास से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें श्रीयादे माता की विभिन्न झांकियां वाहनों पर सजाई जाएंगी। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए गाजे-बाजे के साथ वापस कुम्हारों का वास पहुंचेगी। शाम नौ बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जेठूसिंह एंड पार्टी द्वारा भजन और नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में सोमाराम प्रजापत, रामचंद्र प्रजापत, भबूतराम, उत्तम कुमार, मुकेश कुमार, गणपत, दिनेश, खींमाराम, चुन्नीलाल प्रजापत, रमेश कुमार, भगाराम प्रजापत, शिवलाल, प्रीत, महेंद्र कुमार और भरत कुमार सहित समाज के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

# रणकपुर बांध से रबी सिंचाई का दूसरा चरण शुरू

**▸▸ पहले 13 दिन टेल कमांड को मिलेगा पानी, फिर हेड कमांड की बारी**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** रणकपुर बांध से रबी फसल की सिंचाई के लिए दूसरी पान का जल वितरण गुरुवार दोपहर को शुरू किया गया। जलसंसाधन विभाग के अधिकारी और किसानों की उपस्थिति में बांध से पानी छोड़ा गया। वर्तमान में बांध का जल स्तर 58 फीट है। इससे एक दिन पहले बुधवार को हुई किसानों की बैठक में सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

पहले 13 दिनों तक टेल कमांड क्षेत्र में सिंचाई की जाएगी, उसके बाद हेड कमांड में पानी दिया जाएगा। यदि कोई किसान सिंचाई से वंचित रह जाता है, तो आमलिया नहर, सदर और रामसागर नहर में एक-एक खालिए का पानी निरंतर जारी रहेगा। किसानों को छोटी क्यारियां बनाकर पानी का उपयोग करने की हिदायत दी गई है। पानी की चोरी या दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है।



जल वितरण की निगरानी के लिए 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें गुलाबराम बावरी, नगाराम बावरी, मांगीलाल चौधरी, लहरीलाल बावरी, भंवरलाल, रूपाराम बावरी, दिनेश माली, अणदाराम, पुनाराम और केसाराम चौधरी शामिल हैं। सहायक अभियंता रोहित चौधरी ने स्पष्ट किया कि 30 जनवरी से शुरू होने वाली सिंचाई व्यवस्था 13 दिनों तक चलेगी।

इस दौरान यदि हेड कमांड के किसान कोई अव्यवस्था करते हैं, तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नहर खोलते समय एडवोकेट दिनेश कुमार माली, गणेशाराम बावरी, गुलाबचंद, मांगीलाल चौधरी, भंवरलाल बावरी, रूपाराम, सोहनलाल मीणा और चेलाराम मीणा उपस्थित रहे।

# बालिका विद्यालय फालना गांव में वार्षिकोत्सव आयोजित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय फालना गांव में गुरुवार को मुख्य अतिथि सरपंच करण सिंह राजपुरोहित और पीईईओ प्रतिनिधि मुकेश शर्मा प्राचार्य की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव का आयोजन विद्यालय प्रांगण में ग्राम पंचायत फालना गांव द्वारा नवनिर्मित रंगमंच पर समारोह पूर्वक किया गया। सरपंच महोदय ने अपने उद्बोधन में बालिका शिक्षा के महत्व पर सभी को अवगत कराया। विद्यालय संस्था प्रधान सुमन मीणा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। बालिकाओं ने रंगा रंग कार्यक्रम में आकर्षक प्रस्तुतियां दी। वर्ष भर की गतिविधियों के लिए बालक-बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप मे डुंगा राम सांखला, नरेश चौधरी, भीखा राम चौधरी, दिनेश माधव, सवा राम गरासिया के साथ गोविंद सिंह, अर्जुन सिंह, अमृत सिंह, गोरधन सिंह व बालिका स्कूल स्टाफ से कविता राव, यागिनी सान्दू, गोरधन शेखावत, रितु देशवाल, आशा मीणा, गुलाब दान व मनीषा दय्या के साथ गांव के गणमान्य नागरिक, एस.एम.सी अध्यक्ष डिंपल कुंवर, अभिभावक व विधार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन राकेश गुर्जर ने किया ।

# मानव तस्करी का आरोपी पुलिस के हवाले

**▸▸ ग्रामीणजन पुलिस टीम पर उठा रहे सवाल**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** बिरामी टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम ने एक मासूम बच्ची के साथ अनहोनी घटना से बचाव कर नन्ही परी को मानव तस्करी से बचाव कर सांडेराव पुलिस को सौंप दिया। इन दिनों थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं व दिन प्रतिदिन बढ़ती चोरियों की वारदातों से ग्रामीणजन पुलिस गश्त पर तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। सांडेराव फोरलेन हाईवे 162 पर सुबह चार बजे एक ट्रक ड्राइवर डेढ़ साल की बच्ची को पास के खेत से उठाकर सड़क के पास लेकर आ रहा था कि इतने में बिरामी टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम को देखकर बच्ची को बाइक चलाने वाली लाइन पर छोड़ कर



भागा। पेट्रोलिंग टीम को कुछ शक हुआ, तो टीम के हेल्पर विनोद ने बच्ची को कंबल उढ़ाकर गाड़ी में बैठाया और आरपीओ हखमाराम, आरपी वीडी शोभाराम खेत में आदमी का पीछा करके ट्रक ड्राईवर को पकड़ कर लाए। उसके बाद पेट्रोलिंग टीम ने सांडेराव पुलिस को फोन किया, काफी समय तक पुलिस के नहीं पहुंचने पर टीम के सदस्यों ने पुलिस थाने सांडेराव मे जाकर पुलिस को ड्राइवर व बच्ची को पुलिस को सौंप दिया। थोड़ी देर बाद बच्ची के नाना भी ढूंढते हुए पुलिस स्टेशन सांडेराव पहुंचे। इस प्रकार की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, ग्रामीण पुलिस पर सवाल उठा रहे हैं।

## राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन में बड़ी नियुक्ति

# जालम सिंह राठौड़ बने पाली जिलाध्यक्ष

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार सैन की सहमति से जालम सिंह राठौड़ को पाली जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। उन्हें एसोसिएशन की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को 15 दिनों के भीतर अपनी कार्यकारिणी का गठन करना होगा।



**▸▸ 15 दिन में करेंगे कार्यकारिणी का गठनसौंपी रिपोर्ट**

इस नियुक्ति पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डा. भरत टेलर, डा. राजकुमार राजदे, मुख्य ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डा.हितेंद्र बागोरिया, उपजिला प्रमुख जगदीश चौधरी, केमिस्ट ऐसोशिशन पाली अध्यक्ष धनंजय चौधरी, राजेंद्र मेहता पाली, नरेंद्र मेड़तिया पाली, मनिष जैन सेक्रेटरी पाली, महेंद्र अग्रवाल, अजितसिंह चारण आदि ने बधाई दी है। राठौड़ से अपेक्षा की गई है कि वे अपने पद का निर्वहन पूर्ण मनोयोग के साथ करेंगे और संगठन के हित में कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करेंगे। यह नियुक्ति राजस्थान के फार्मासिस्ट समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पाली जिले में एसोसिएशन की गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## परकेला मामाधणी का मेला एवं भजन कार्यकम चार को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** कस्बे में परकेला तालाब परिसर में श्रीपरकेला मामाधणी का एक दिवसीय मेला एवं विशाल भजन कार्यक्रम चार फरवरी को परकेला मामाघणी मंदिर परिसर में आयोजित होगा। इसकी पूर्व संध्या तीन फरवरी संध्याकाल हवन, रात्री में स्वदेशी भजन एवं चार फरवरी सुबह नौ बजे से महाआरती के साथ प्रख्यात भजन गायक शंकर टॉक एंड पार्टी, भजन गायिका खुशबू माली एवं नृत्य कलाकारों द्वारा भैंरूजी एवं माताजी की शानदार देव झाकिया प्रस्तुत कि जाएगा। कार्यकम तैयारियों को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारीयां सौंपी गई है। इस मौके पर आयोजक बेरा ढिमरा मित्र मंडल नाडोल, मूलोबा घांची, भोलाराम गेहलोत, शिवसिह, जुहारसिंह फोन्दर, भलाराम घांची, पुनाराम, जितेंद्र सीरवी, भिकाराम, लच्छाराम, रताराम, नाहराराम, वक्ताराम, खीमाराम देवासी, धनाराम, जीवाराम, मेघाराम सहित कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हुए है।

# शिक्षा से ही पहचान बना सकतीं बालिकाएं : मेघवाल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** स्थानीय कस्बे में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल ने बालिकाओं को शिक्षा और प्रगति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बालिकाएं समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकती हैं। मेघवाल ने सरकार द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें टेबलेट वितरण, ट्रांसपोर्ट वाउचर, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति, गार्गी पुरस्कार आदि शामिल हैं। उन्होंने शिक्षा के बाद बालिकाओं के लिए आरक्षित अवसरों की जानकारी दी और मातृशक्ति से राजनीति में आकर समाज सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं शिक्षा, चिकित्सा, सेना, पुलिस, विज्ञान और अंतरिक्ष जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हमें उनके इस आत्मविश्वास को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड पंच श्रीमती हुलासी बाई, भामाशाह श्री शांतिलाल लोढ़ा, आयुर्वेद चिकित्सक डा. अंकित गर्ग, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, अभिभावक, निकटवर्ती विद्यालयों के प्रतिनिधि मंडल व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उपस्थित नागरिकों व अभिभावकों ने बालिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य तरुण प्रसाद ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।



# साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** देसूरी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोट सोलंकियान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोट सोलंकियान में कक्षा नौ में अध्यनरत 19 छात्राओं को राज्य सरकार की निःशुल्क साईकिल योजना के अंतर्गत बुधवार को साइकिल वितरित की गई। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अक्षय कुमार की उपस्थिति में साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे, वहीं अब रोजाना दूर से आने वाली छात्राओं को विद्यालय में अध्ययन करने आने में कोई समस्या नहीं होगी।

इस दौरान साइकिल वितरण प्रभारी व शारिरिक शिक्षक हीरालाल गुर्जर, हिंदी व्याख्याता दिनेश सिखवाल, उगमाराम देवासी, लोकेश कुमार, हरीश कुमार, कम्प्यूटर अनुदेशक पवन कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज से

**पाली।** शहर में प्रजापति महासेना संस्थान पाली और समस्त प्रजापति समाज पाली की ओर से 30-31 जनवरी को माली समाज भवन में प्रथम सामूहिक विवाह का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। मीडिया प्रभारी अशोक राठोलिया मामावास ने बताया कि सामूहिक विवाह को लेकर 30 जनवरी को दोपहर बारातों का आगमन गांधी मूर्ति स्थित माली समाज भवन में हुआ। उसके बाद शोभायात्रा, कलशयात्रा व 15 जोड़ों की निकासी सूरजपोल स्थित श्रीयादे मंदिर से माली समाज भवन तक निकाली जाएगी। इसके बाद शाम को लाखोटिया गार्डन के रंगमंच पर भजन संध्या का आयोजन होगा और 2026 को लेकर बोलियां लगाई जाएंगी।

# माजीसा धाम में तेरहवीं वर्षगांठ विशाल भजन संध्या आज कल ध्वजा महोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** कस्बे के परशुरामजी रोड स्थित रेबारियों की ढाणी में श्री माजीसा धाम में श्री माता राणी भटियाणी सा की तेरहवीं वर्षगांठ धूम धाम से मनाई जाएगी। आयोजन के तहत प्रथम दिन आज शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम आठ बजे से होगी, जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार मधुबाला राव और उनकी पार्टी (उदयपुर) तथा नरपत देवासी (बालोतरा) भजन प्रस्तुत करेंगे। वहीं कल शनिवार सुबह 10 बजे ध्वजा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसके बाद सुबह 11 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम परशुरामजी रोड



स्थित रेबारियों की ढाणी में श्री माजीसा धाम में आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर पधारने का विनम्र निवेदन किया है।

# खेल समाज में सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम : मेवाड़ा

**▸▸ गुडा एंदला में छह दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, उद्घाटन मैच गुड़ा सोनीगरा ने जीता**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के गुड़ा एंदला गांव स्थित खेल मैदान में गुरूवार को छह दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुमेरपुर विधानसभा 121 कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा व समाजसेवी मुकेश बारोलिया के सानिध्य में किया गया। आयोजकों ने बताया कि मुख्य अतिथि मेवाड़ा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर टॉस का सिक्का उछालकर टूर्नामेंट का आगाज किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बिठुडा पिरान व गुड़ा सोनीगरा के बीच खेला गया। जिसमें गुड़ा सोनीगरा टीम विजेता रही। बिठुडा पिरान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ऑवर तीन विकेट में



60 रन बनाते हुए गुड़ा सोनीगरा को 61 रनो का टारगेट दिया। रनो का पीछा करने उतरी गुड़ा सोनीगरा टीम ने चार विकेट खोकर 61 रन बनाते हुए मैच जीता। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चार फरवरी को खेला जाएगा। जिसमें विजेता टीम को 25 हजार नकद व ट्रॉफी व उप विजेता टीम को 11 हजार व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। प्रतियोगिता में सभी मैच आठ-आठ ऑवर के होंगे। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए हरिशंकर मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सौहार्द और स्वस्थ वातावरण बनाने का माध्यम है और तन, मन को भी स्वस्थ रखते हैं। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेले। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उम्दा प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम करने की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के मौके पर भगताराम देवासी, रवि मेवाड़ा, हरि प्रसाद मीणा, प्रमोद बारोलिया, गिरधारी आदिवाल, सुमेरसिंह उदावत, महेंद्र मीणा, देवाराम मीणा आदि मौजूद रहे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**स्वास्थ्य विभाग**

के.बी. भाभा हॉस्पिटल, आर.के. पाटकर मार्ग, बांद्रा (प), मुंबई 400050
नं. एचओ/13990/केबीबी दि. 30.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

आयुक्त बृहन्मुंबई महानगर पालिका (एमसीजीएम) द्वारा इस क्षेत्र में कार्यरत पात्र ठेकेदारों/निविदाकारों से बोलियां आमंत्रित है, ई-निविदा का विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | पैरामीटर्स | विवरण | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा/बोली क्र. | 2025-एमसीजीएम-1143838 | |
| 2 | विभाग | संलग्न हॉस्पिटल्स | |
| 3 | ई-निविदा का विषय | के.बी. भाभा हॉस्पिटल, बांद्रा (प) में स्थापित ऑटो डोअर पैसेंजर लिफट नं. 07 तथा 08 (जी+11 अपर फ्लोर्स) के कार डोअर्स एवं लैंडिंग डोअर सेट्स की प्रतिस्थापना। | |
| 4 | संपर्क विवरण | उप प्रमुख चिकित्सा अधिक्षक, फोन नं. 022-26422775, विस्तार 4506, ई-मेल: bhabha.bandra@yahoo.com | |
| 5 | महत्वपूर्ण दिनांक | विवरण | दिनांक से/समय |
| | | ऑनलाइन ई-निविदा डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 31.01.2025 को 16.00 बजे |
| | | ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 06.02.2025 को 16.00 बजे तक |

ई-निविदा एमसीजीएम पोर्टल mcgm.gov.in से डाउनलोड कर सकते है या 022-26422775 विस्तार 4600 पर फोन करें।
दिनांक: 30.01.2025
स्थान: मुंबई
उप प्रमुख चिकित्सा अधिक्षक
के.बी. भाभा हॉस्पिटल, बांद्रा (प)
PRO/2388/ADV/2024-25

आइएं साथ में मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाएं।



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**विभाग: प्रमुख अभियंता (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल)**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | 2025-एमसीजीएम-1143726-1 |
| संस्था का नाम | बृहन्मुंबई महानगर पालिका |
| विषय | ताडदेव महापालिका स्कूल, डी वॉर्ड में बहुउद्देशिय कार्य। |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | 15,96,149/- (जीएसटी रहित) |
| निविदा शुल्क का मूल्य | रु. 3894/- (रु. 3300/- + 18% जीएसटी) |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 18,900/- |
| निविदा जारी करने की दिनांक | 31.01.2025 को 11.00 बजे |
| बोली प्रतिभूति प्राप्ति की अंतिम दिनांक व समय | 06.02.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 06.02.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 07.02.2025 को 16.01 बजे |
| लिफाफा बी खुलना | 07.02.2025 को 16.02 बजे |
| लिफाफा सी खुलना | 12.02.2025 को 16.00 बजे |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेंट., बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय ई.ई. (ई.आई.) मेंट. में ऑनलाइन |
| एनआईसी पोर्टल | http://mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
PRO/2392/ADV/2024-25
ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेंट.

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।



# तैयारी के साथ जवाब दें मंत्रीगण : सीएम शर्मा

▶▶ बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक में चर्चा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की तैयारियों को लेकर आज भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। यह बैठक दोपहर 2 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर हुई। विधानसभा सत्र से पूर्व हुई इस बैठक में विविध बिन्दुओं पर चर्चा हुई। विधानसभा सत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि अब आप पहली बार नहीं, इस बार आपके पास तजुर्बा है। मंत्रिमंडल के सदस्य अच्छे से तैयारी करके जवाब दे। मंत्रिमंडल के सदस्य जवाब की तैयारी करें। अब कोई भी मंत्री के पास दलील नहीं होगी। विधायकों की उपस्थिति के लिए भी कमेटी बना दी गई है। विधायकों को विशेष परिस्थितियों में ही सदन छोड़ने की परमिशन मिलेगी। संभागवार विधानसभा में विधायकों का प्रेजेंटेशन देखा जाएगा। सदन की कार्रवाई में विधानसभा सदस्य अवश्य रूप से भाग लें।

### हंगामेदार रहेगा विधानसभा बजट सत्र

- बजट सत्र में विपक्ष के तीखे तेवरों से सदन का माहौल हंगामेदार रहेगा। विपक्ष अशोक गहलोत सरकार की योजनाओं को बंद करने, नाम बदलने, कानून व्यवस्था, किसानों को समर्थन मूल्य सहित कई मुद्दों विपक्ष सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बना रहा हैं, दरअसल, पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को बंद करने और नाम बदलने को लेकर पहले से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। ऐसे में माना जा रहा है विधानसभा सत्र शुरू होने के साथ विपक्ष सरकारी स्कूल बंद करने, अंग्रेजी स्कूलों की समीक्षा करने के साथ ईआरसीपी एमओयू सार्वजनिक करने, कानून व्यवस्था, बाजरे का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ने सहित आमजन से जुड़े मुद्दों पर सदन में जम कर हंगामा होगा।

### विधानसभा सत्र के बाद ही होंगे तबादले

विधायकों को तबादलों के संबंध में भी दो टूक कहते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अब तबादले विधानसभा सत्र के बाद होंगे। विधायक मंत्रियों को डिजायर दे दे, डिजायर को कंप्यूटर में मंत्री दर्ज कर लें। विधानसभा सत्र के बाद संशोधन भी होंगे। बेहद जरूरी तबादलों की लिस्ट ही फिलहाल जारी हो सकेगी।

### सपरिवार कुंभ जाएंगे भाजपा विधायक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में हुई विधायक दल की बैठक में यह तय हुआ कि सभी विधायक पावन स्नान के लिए कुंभ जाएंगे। पार्टी के सभी विधायक 9 फरवरी को सपत्नीक कुंभस्नान हेतु प्रयागराज जाएंगे। वहीं महिला विधायक अपने पति के साथ महाकुंभ में जा सकेंगी।

### विधानसभा का बजट सत्र आज से

राजस्थान में विधानसभा का 16वां सत्र का आगाज 31 जनवरी से होने वाला है। बजट सत्र से पहले बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इस बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत अन्य कई नेता शामिल हुए थे। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से होगी. वहीं राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर 3 फरवरी, 5 फरवरी और 6 फरवरी को चर्चा की जाएगी. जबकि 7 फरवरी को भजनलाल सरकार इस पर जवाब देगी। वहीं 8 से 18 फरवरी तक सदन में अवकाश रहेगा। 19 फरवरी को सदन फिर से शुरू होगा और इस दिन डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दिया कुमारी राज्य का बजट पेश करेंगी।

महाकुंभ : सभी 13 अखाड़ों ने किया अमृत स्नान



# मौनी अमावस्या पर टूटी परंपरा, जीती आस्था

**अखाड़ों ने तोड़ी प्रथम स्नान की प्रतिज्ञा**

**श्रद्धालुओं को मिला प्रथम स्नान का मौका**

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले में विभिन्न अखाड़ों का मौनी अमावस्या पर्व पर अमृत स्नान बुधवार शाम तक संपन्न हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगलवार देर रात संगम क्षेत्र के पास भगदड़ की घटना के कारण अखाड़ों का अमृत स्नान सुबह टल गया था और भीड़ नियंत्रित होने के बाद दोपहर में फिर से शुरू हुआ था। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह पहला मौका था जब साधु-संतों, नागा संन्यासी और अखाड़ों ने संगम में ऐतिहासिक प्रथम स्नान की प्रतिज्ञा तोड़ कर परिस्थिति को देखते हुए ब्रह्म मुहूर्त के अमृत स्नान को स्थगित कर श्रद्धालुओं को पहले स्नान का अवसर दिया। उन्होंने बताया कि परंपरा के मुताबिक, संन्यासी अखाड़ों ने सबसे पहले अमृत स्नान किया, जिसमें महानिर्वाणी, अटल, निरंजनी, आनंद, जूना, आवाहन और पंच अग्नि अखाड़ों के साधु संत शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद बैरागी संप्रदाय के पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा, पंच दिगंबर, पंच निर्मोही अनी अखाड़े के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। उन्होंने बताया कि अगले क्रम में उदासीन संप्रदाय के नया उदासीन, बड़ा उदासीन और निर्मल अखाड़े के साधु संतों ने स्नान किया।

### यूरोप के सबसे बड़े देश से भी ज्यादा एक दिन में नहाए लोग

रात आठ बजे तक आकंड़ों को मुताबिक प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर 7.64 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई। जिले की आबादी 72 लाख से ज्यादा है। यानी, मौनी अमावस्या के दिन जिले में साढ़े आठ करोड़ से ज्यादा लोगों की मौजूदगी रही। वहीं, यूरोप में सबसे बड़े देश जर्मनी जिसकी आबादी 8 करोड़ से ज्यादा है, मौनी अमावस्या के दिन उसकी आबादी भी प्रयागराज पहुंची भीड़ से कम पड़ गई। इसी तरह ब्रिटेन की आबादी 6 करोड़ 91 लाख है, तो वहीं फ्रांस की जनसंख्या 6.65 करोड़ ही है। इतना ही नहीं दक्षिण अमेरिका के 54 देशों में से सिर्फ तीन देशों की आबादी ही मौनी अमावस्या पर प्रयागराज से ज्यादा रही। इनमें अमेरिका, ब्राजील और मैक्सिको शामिल हैं। जबकि कोलंबिया, अर्जेंटीना, कनाडा से लेकर उरुग्वे तक महाकुंभ में प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर लोगों की मौजूदगी से कम रहे।

### श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

अधिकारी ने बताया कि दोपहर में स्नान के दौरान हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गई। एक संत ने बताया कि अखाड़ों के साधु संतों में अमृत स्नान को लेकर पहले जैसा उत्साह नहीं दिखा क्योंकि भगदड़ की घटना से सभी साधु संत व्यथित हैं। हालांकि अखाड़ों के महंत, श्रीमहंत और पीठाधीश्वर अपने पारंपरिक जुलूस, धर्मध्वजा और आराध्य देव की पालकी के साथ अमृत स्नान के लिए पहुंचे।

### तीनों पीठों के शंकराचार्यों ने किया अमृत स्नान

महाकुंभ के दूसरे अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर देश के तीन पीठों के शंकराचार्यों श्रृंगेरी शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती जी, द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी और ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने एक साथ अमृत स्नान किया।

# उद्धव ठाकरे पर भड़के नितेश राणे

## जब मातोश्री पर दावा करेगा वक्फ, तब समझेंगे?

- उद्धव ठाकरे को बताया असदुद्दीन ओवैसी का भाई
- शिवसेना (यूबीटी) की तुलना मुस्लिम लीग से

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे को एआईएमएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का भाई करार दिया है। साथ ही कहा है कि जब वक्फ मातोश्री पर दावा करेगा, तब वह समझेंगे। उन्होंने भारत में रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशियों की मौजूदगी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों को भारत में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। राणे ने दावा किया है कि भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक और रोहिंग्या सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी चिंता का विषय हैं और यह समाज का इस्लामीकरण किए जाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि मंगल प्रभात लोढ़ा और किरीट सोमैया समेत भाजपा नेता मुंबई के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। राणे ने यहां पत्रकारों से कहा, 'अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं का यहां रहना सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा खतरा है। ये हमारे समाज का इस्लामीकरण किए जाने का एक प्रयास है। पिछली घटनाओं से पता चलता है कि यह मुंबई और देश के लिए एक गंभीर खतरा है।' मंत्री ने कहा कि अवैध प्रवासियों को भारत में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।



### सुप्रिया सुले 'हिंदुत्व विरोधी'

सिद्धिविनायक मंदिर में 'ड्रेस कोड' की आलोचना करने संबंधी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए राणे ने उन पर हिंदुत्व का विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, 'सुले को हिंदुत्व से 'एलर्जी' है। उनकी प्रतिक्रिया अपेक्षित थी। क्या सुले ने कभी मुसलमानों द्वारा लोगों को कट्टरपंथी बनाने, मस्जिदों में ड्रेस कोड लागू करने, महिलाओं पर अत्याचार या हिंदू महिलाओं के जीवन को बर्बाद करने के बारे में कुछ कहा है? उनका पसंदीदा विषय हिंदुओं से नफरत करना है। सुले और महा विकास आघाडी (एमवीए) के दूसरे नेता ऐसे ही हैं।' राणे ने 'ड्रेस कोड' के संबंध में सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट द्वारा लिए निर्णय की सराहना की, जहां छोटे और खुले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे मंदिरों को भी ऐसा करना चाहिए।

# प्रशासन के निर्देशों का करें पालन : रेल मंत्री

## मौनी अमावस्या को प्रयागराज से रेलवे ने चलाई 364 गाड़ियाँ



**नई दिल्ली।** रेल प्रशासन द्वारा मौनी अमावस्या के दिन संगम में स्नान कर घर वापसी करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 आउटवर्ड गाड़ियों का परिचालन किया गया, प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान किसी एक दिन में चलाई गई रेल गाड़ियों का यह नया कीर्तिमान है। साथ ही इस अवधि में रेलवे द्वारा 77 इंवर्ड गाड़ियों का परिचालन भी किया गया। आउटवर्ड गाड़ियों में 142 नियमित और 222 महाकुंभ मेला विशेष गाड़ियां शामिल रहीं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 364 ट्रेन प्रयागराज से चलाई गई। रेलवे की सभी वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रेल भवन स्थित वार रूम से पूरे सिचुएशन की रियल टाइम मॉनिटरिंग कर रही हैं, राज्य सरकार के साथ निरंतर समन्वय करके गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। तीनों रेलवे जोन के जीएम और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्रद्धालुओं को उनके घर तक पहुंचाने के लिए लगे हुए हैं और मेला प्रशासन एवं राज्य सरकार के संपर्क में है। उन्होंने संगम स्नान के लिए आए सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए बड़े-बड़े होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं जहां बैठकर अपने क्षेत्र की गाड़ी की प्रतीक्षा करें। उसके बाद प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार गाड़ी पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर प्रस्थान करें।



जालोर के नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित ने उद्योगपति बाबूलाल भंसाली से उनके निवास पर मुलाक़ात कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता हरचंद पालड़ी भी उपस्थित थे।

# महाकुंभ भगदड़ में राजस्थान के दो श्रद्धालुओं की मौत

- जयपुर की एक महिला लापता, बेटा ढूंढने निकला



**जयपुर।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मंगलवार रात 1.30 बजे हुई भगदड़ में राजस्थान के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ये मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, निहाली देवी पति रामनारायण बैरवा के साथ प्रयागराज गई थीं। 22 जनवरी को वे मथुरा, वृंदावन और अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करते हुए 27 जनवरी को महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज पहुंची थीं। दल में 50 यात्री थे। 28 जनवरी की रात 1.30 बजे वे संगम तट से 300 मीटर दूर थी। भगदड़ में पति-पत्नी एक-दूसरे से बिछड़ गए। रामनारायण ने पत्नी को बहुत ढूंढा, लेकिन वे कहीं नहीं मिलीं। 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि निहाली का शव लखनऊ (उत्तर प्रदेश) अस्पताल में है। रामनारायण लखनऊ पहुंचे। एंबुलेंस से अपनी पत्नी के शव को लेकर गुरुवार दोपहर 1 बजे गांव पहुंचे। महाकुंभ में राजस्थान से गए कुछ और श्रद्धालु लापता हैं। जयपुर के भांकरोटा से कुंभ स्नान के लिए गई 60 साल की महिला सुप्यार देवी 2 दिन से लापता है। वे पति दुर्गालाल मीणा के साथ कुंभ में गई थीं। भगदड़ के बाद से वे गायब हैं। दुर्गालाल ने कुंभ के पास समुद्र कूप थाने (प्रयागराज, यूपी) में सुप्यार मीणा की गुमशुदगी भी दर्ज कराई है।

# जीएसटी इंस्पेक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जुर्माना माफ करने मांगी थी रिश्वत



**पाली।** एसीबी ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जीएसटी के इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोप है कि परिवादी से फर्म के कागजात को लेकर रिश्वत की डिमांड की गई। फिलहाल एसीबी टीम कार्रवाई में जुटी है। पाली शहर के वीडी नगर स्थित एसीबी द्वितीय के ऑफिस में एक परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि उसके फर्म के कागजात सही करने और जुर्माना माफ करने को लेकर जीएसटी विभाग के में कार्यरत इंस्पेक्टर नरेंद्रसिंह रिश्वत की डिमांड कर रहा है। इस पर एसीबी की ओर से शिकायत का सत्यापन करवाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर आज गुरुवार को एसीबी द्वितीय के एएसपी खींव सिंह के नेतृत्व में एसीबी टीम ने आरोपी जीएसटी इंस्पेक्टर नरेंद्रसिंह को 4 हजार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### एसीबी टीम देख सड़क पर फेंके रुपए

एसीबी जोधपुर रेंज उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र कुमार महावर के सुपरविजन में एसीबी पाली द्वितीय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी नरेन्द्र सिंह सीजीएसटी निरीक्षक केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर संभाग पाली को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। टीम को देखते ही आरोपी ने रिश्वत की राशि जेब से निकाल कर सड़क पर फेंक दी। जो बरामद कर ली गई।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रचेंगी इतिहास

▶▶ लगातार 8वीं बार पेश करेंगी केंद्रीय बजट

▶▶ प्रणब मुखर्जी की करेंगी बराबरी,




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। इसी के साथ सीतारमण एक फरवरी को लगातार 8वां बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाएंगी। उम्मीद है कि आम बजट में कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने तथा महंगाई और स्थिर वेतन वृद्धि से जूझ रहे मध्यम वर्ग को राहत देने के उपाय किए जाएंगे। इसके साथ ही सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा अलग-अलग समयावधि में पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। देसाई ने 1959-1964 के दौरान वित्त मंत्री के रूप में कुल छह बजट और 1967-1969 के बीच चार बजट पेश किए थे। सीतारमण को 2019 में भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया गया था। तब से सीतारमण ने सात बजट पेश किए हैं।

### मोरारजी देसाई के नाम कीर्तिमान

स्वतंत्र भारत का पहला आम बजट 26 नवंबर, 1947 को पहले वित्त मंत्री आर के शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने वित्त मंत्री के तौर पर कुल 10 बजट पेश किए हैं। पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने नौ एवं प्रणब मुखर्जी ने आठ बार बजट पेश किया है। वहीं मनमोहन सिंह ने नरसिम्हा राव सरकार में लगातार पांच बार बजट पेश किया।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का शुभारंभ

### पांच दिनों में शिरकत करेंगी कई हस्तियां



**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल आज से शुरू हो गया है और 5 दिवसीय यह फेस्टिवल 3 फरवरी तक होटल क्लार्क्स, आमेर में चलेगा। 5 दिन तक देश-विदेश की दिग्गज हस्तियां इसमें शिरकत करने जा रही है। कैम्ब्रिज के प्रख्यात आणविक जीवविज्ञानी और नोबेल पुरस्कार विजेता वेंकी रामकृष्णन भी हिस्सा होंगे। उद्घाटन समारोह के पहले दिन नमिता गोखले, विलियम डेलरिम्पल और संजय के। रॉय का संबोधन होगा। इस फेस्टिवल में 100 देशों से मेहमान हिस्सा लेंगे और अलग-अलग विषयों पर 500 से अधिक वक्ता विचार रखेंगे। दरबार हॉल में 'गांधी : द मैन एंड महात्मा' पर बातचीत होगी। दोपहर 12 बजे जावेद अख्तर और अतुल तिवारी की चर्चा होगी। 1 बजे नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी से पुनीत रॉय बातचीत करेंगे। 3 बजे पूर्व क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ, राजेंद्र अमरनाथ की अमृत माथुर से बातचीत, 3 बजे ही फ्रंट लॉन में सुधा मूर्ति की मेरु गोखले और शाम 4 बजे गीतकार स्वानंद किरकिरे और शेखर रवजियानी गीतों पर चर्चा करेंगे। इस बार जेएलएफ की सजावट की थीम 'उत्सव' नाम पर रखी है। एंट्री से लेकर विभिन्न सेशन वाले वेन्यू की सजावट इसी थीम पर है। इस बार टिकट के दाम कम रखे है। पिछले साल म्यूजिक स्टेज की एक टिकट 950 रुपए की थी, जो इस साल 500 रुपए रखी है।

# स्पेस में जाएंगे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**एक्सियम-4 मिशन को नासा की मंजूरी**



**नई दिल्ली।** नासा ने एक्सियम-4 मिशन को मंजूरी दे दी है, जिसमें भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला बतौर पायलट अंतरिक्ष यात्रा करेंगे। यह मिशन 14 दिनों तक चलेगा और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रिसर्च कार्य करेगा। इस मिशन की कमान पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सियम स्पेस की मानव अंतरिक्ष उड़ान निदेशक पेगी व्हिटसन के हाथों में होगी। इसरो के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पायलट की भूमिका निभाएंगे। इनके साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावॉज उजनांस्की-विश्निवस्की (पोलैंड) और तिबोर कापु (हंगरी) भी मिशन में शामिल होंगे। शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय होंगे। वे भारतीय वायुसेना से जुड़े हुए हैं और भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए भी चयनित किए गए हैं। नासा के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन कार्यक्रम की प्रबंधक डाना वीगेल ने कहा, "मैं निजी अंतरिक्ष यात्राओं के प्रति निरंतर रुचि और समर्पण देखकर उत्साहित हूं। जब नासा भविष्य में निम्न-पृथ्वी कक्षा की संभावनाओं की ओर देख रहा है, तो ये निजी अंतरिक्ष यात्राएं नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं।"

### स्पेसएक्स ड्रैगन यान से होगी लॉन्चिंग

एएक्स-4 मिशन के अंतर्गत अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचेंगे। वहां वे लगभग 14 दिनों तक रहकर वैज्ञानिक रिसर्च कार्यों में भाग लेंगे। पेगी व्हिटसन ने कहा, "Ax-4 के प्रतिभाशाली और विविधतापूर्ण दल के साथ काम करना मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है। प्रत्येक सदस्य अपनी अनूठी विशेषज्ञता और दृष्टिकोण लेकर आया है, जिससे यह मिशन वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ मानव कौशल और टीमवर्क का प्रतीक भी बन गया है।"

### भारत-अमेरिका सहयोग का बड़ा कदम

एएक्स-4 मिशन भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग का एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अमेरिका यात्रा के दौरान इस मिशन की घोषणा की थी। शुभांशु शुक्ला और उनके बैकअप पायलट ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर ने इस मिशन के लिए नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के साथ गहन प्रशिक्षण लिया है।

### निजी अंतरिक्ष मिशनों में बढ़ती रुचि

एएक्स-4 मिशन से पहले एक्सियम स्पेस ने अप्रैल 2022 में पहला निजी अंतरिक्ष मिशन (एएक्स-1) लॉन्च किया था, जो 17 दिनों तक चला। इसके बाद मई 2023 में दूसरा निजी अंतरिक्ष मिशन (एएक्स-2) भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दोनों ही मिशनों की कमान पेगी व्हिटसन ने संभाली थी।

# राज ठाकरे पर भड़की राकांपा



**कहा- मनसे को बचाने की सोचें राज ठाकरे**

**मुंबई।** महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) चीफ राज ठाकरे द्वारा चुनाव नतीजों पर सवाल खड़े किए जाने पर अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने तंज कसा है। अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने पूछा है कि 128 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली मनसे शून्य पर कैसे सिमट गई और उसे सिर्फ 1.55 फीसदी वोट ही क्यों मिले? पार्टी ने राज ठाकरे उस बयान पर कड़ा पलटवार किया है जिसमें राज ठाकरे ने कहा था कि शरद पवार की देखकर जिनका जीवन बना ऊपर चढ़े वे 41 सीटें जीते और शरद पवार सिर्फ 10 सीटें। ठाकरे ने अजित पवार की जीत पर संदेह व्यक्त किया था। अब इस पर अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी ने मनसे पर तंज कसा है।

### अपने चुनाव चिह्न के बारे सोचे मनसे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता आनंद परांजपे ने राज ठाकरे के निशाना साधने के बाद कहा कि विधानसभा में 128 सीटों पर चुनाव लड़कर शून्य सीट (केवल 1.55 प्रतिशत वोट) पाने वाले मनसे नेता राज ठाकरे को पहले पार्टी और उसके चुनाव चिन्ह (रेलवे इंजन) को बचाने के बारे में सोचना चाहिए। परांजपे ने कहा कि ऐसा लगता है कि मनसे लगातार मौसम की तरह अपना रुख बदल रही है। अराजक स्थिति के कारण महाराष्ट्र के लोगों ने राज ठाकरे की भूमिका पर कभी विश्वास नहीं किया। पराजंपे ने कहा कि अब मनसे का महाराष्ट्र विधानसभा में प्रतिनिधित्व भी नहीं है। मनसे को कम वोट मिलने के कारण उसका चुनाव चिन्ह भी जा सकता है। एनसीपी नेता परांजपे ने उसी को लेकर निशाना साधा। मनसे नेता राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि पदाधिकारी कैसे बचेंगे और क्या महाराष्ट्र की जनता उनकी भूमिका को स्वीकार करेगी?

### भाजपा को सराहा, शिंदे पर शांति, राकां पर सवाल

मनसे नेता राज ठाकरे ने वर्ली में अपनी रैली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सफलता पर सवाल उठाया था, हालांकि उन्होंने बीजेपी को 132 सीटें मिलने को एक हद तक ठीक बताया था। ठाकरे ने शिंदे की शिवसेना पर कोई टिप्पणी नहीं की थी। विधानसभा चुनावों में राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे माहिम से लड़े थे, लेकिन वह हार गए थे।